AMAR UJALA, LUCKOW
Friday, October 05, 2012

बच्चों की नॉलेज आंकेगा 'आईटी विज'

लखनऊ। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) 9 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड के स्कूली बच्चों का तकनीकी ज्ञान परखने के लिए लखनऊ में 'आईटी विज' का आयोजन करेगा। टीसीएस के रीजनल हेड जयंत कृष्णा ने गुरुवार को बताया कि विचज में कक्षा 8 से 12 तक के विद्यार्थी दो-दो की टीम बनाकर शामिल हो सकेंगे। प्रवेश निःशुल्क रहेगा। वहीं, एक स्कूल से अधिकतम 20 टीमें शामिल हो सकेंगी। विजेताओं को इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स और अन्य पुरस्कार दिए जाएंगे। इनमें श्रेष्ठ रही टीम को दिसंबर में मुंबई में होने वाले नेशनल फाइनल में जगह दी जाएगी, जहां उनका मुकाबला 13 अन्य क्षेत्रीय विजेता टीमों से होगा। विद्यार्थी स्कूल के माध्यम से या पहचान पत्र सहित विभूति खंड गोमतीनगर स्थित टीसीएस के कार्यालय में विचज समन्वयक शैलेंद्र कुमार से 6 अक्टूबर तक फोन नं. *9235607771* पर संपर्क कर सकते हैं।